newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३१ | २१ से २७ अगस्त २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## कंधे से मिला कंधा

एक सभ्य समाज, संस्था और व्यक्ति की पहचान इससे भी होती है कि वह सामान्य व्यवहार में किस तरह की भाषा का इस्तेमाल करता है। खासकर महिलाओं के बारे में उपयोग किए जाने वाले शब्दों, वाक्यों से उस समाज की मानसिकता का भी पता चलता है। इस मामले में भारत के अधिकतर समाजों में स्त्री के प्रति बहुत सारे असम्मानजनक शब्द चलन में हैं। वही शब्द धीरे-धीरे प्रशासनिक और अदालती कामकाज में भी घुसपैठ कर गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे शब्दों की पहचान की और उन्हें अदालती भाषा से बाहर करने का फैसला किया। एक टीम बना कर ऐसे शब्दों की पहचान की गई, जो महिलाओं के लिए प्राय: समाज में रूढ़ और अपमानसूचक हैं। उन शब्दों की जगह प्रयुक्त हो सकने वाले शब्दों और वाक्यों के विकल्प भी तलाशे गए और फिर हैंडबुक आन कांबेटिंग जेंडर स्टीरियोटाइप शीर्षक से तीस पन्नों की एक पुस्तिका प्रकाशित की गई। इसमें उन शब्दों की सूची दी गई है, जो अदालती कामकाज में प्रयोग होते रहे हैं। वे शब्द अदालती फैसलों तक में प्रयुक्त हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि उन रूढ़ हो चुके शब्दों के बजाय उनके सम्मानजनक विकल्पों का उपयोग किया जाए। यह पुस्तिका वकीलों और न्यायाधीशों दोनों के लिए है। यह पहली बार है जब किसी प्रधान न्यायाधीश का ध्यान अदालती भाषा में घुसपैठ कर चुके स्त्रियों के प्रति इस्तेमाल होने वाले रूढ़ और अपमानसूचक शब्दों की तरफ गया। इस साल महिला दिवस पर उन्होंने इसे लेकर न सिर्फ अफसोस जाहिर किया, बल्कि उन शब्दों को हटाने का उपक्रम भी किया। प्रधान न्यायाधीश ने पुस्तिका जारी करते हुए कहा भी कि महिलाएं पुरुष के अधीन नहीं, बल्कि संविधान में उन्हें बराबरी का हक है। उनके प्रति किसी भी ऐसे शब्द का उपयोग नहीं होना चाहिए, जिससे उनका सम्मान आहत होता हो। इस पहल से निस्संदेह अदालत की भाषा में महिलाओं की सम्मानजनक जगह बनेगी। यह उन तमाम संस्थाओं के लिए भी नजीर बनेगी, जो बिना सोचे-समझे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। इसका असर बौद्धिक समाज और फिर उसके नीचे समाज पर भी दिखना शुरू होगा। दरअसल, शिक्षा का स्तर ऊंचा उठने के बावजूद महिलाओं के प्रति हमारे समाज का नजरिया संकीर्ण है। उन्हें अपमानित करने की मंशा से लोक और शास्त्रीय भाषा में भी बहुत सारे ऐसे शब्द गढ़ लिए गए हैं, जिन्हें गाली कहा जा सकता है। मगर इनके अलावा भी बहुत सारे ऐसे शब्द गढे गए हैं, जो अपमानजनक हैं और सामान्य कामकाज की भाषा में रूढ़ हो चुके हैं। मसलन, बिन व्याही मां। सर्वोच्च न्यायालय ने इसकी जगह केवल मां शब्द का प्रयोग करने का सुझाव दिया है। ऐसे शब्दों की लंबी सूची है।

## नाबालिक के साथ जोर जबरदस्ती, धर्म परिवर्तन को लेकर किया मजबूर

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : मीरा रोड में एक ऐसी सनसनीखेज वारदात हुई है जो मानवता को शर्मसार कर रही है। अनाथ बच्ची को गोद लेना तथा उसके साथ अमानवीय व्यवहार व धर्मांतरण तथा बलात्कार जैसी घटना यही दर्शाता है कि क्या लोगों में इंसानियत खत्म होती जा रही है। बता दें कि यह एक ऐसी बच्ची की दर्दनाक घटना है, जिसके पिता की एक वर्ष पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। फिर उसके छ: महीने बाद मां ने भी खुदकुशी कर बच्चों को अनाथ कर दिया। परिवार के लोगों ने भी साथ नहीं दिया तथा उसके चाचा ने बच्चों को अनाथालय भेज दिया। पिड़िता के अनुसार उसके पूर्व पड़ोसी जो मुस्लिम थे, वे उन्हें अनाथालय से गोद लेने की प्रक्रिया पूरी कर अपने घर मीरा रोड रहने के लिए लेकर आये। शिकायत में पिड़ित ने बताया कि मुस्लिम परिवार जो मेरी नानी के पहचान की थी, उन्होंने कहा कि वो बच्चों को पढायेंगे और उनका अच्छे ढंग से पालन पोषण करेंगे। एक महीने तक तो वे बच्चों को सही ढंग से रखें फिर उसके बाद वे उन्हें परेशान कर मारने पीटने लगे। बच्चों की खुशियां ज्यादा दिन तक नहीं रही। पिड़ित को फिर इमामबाडा



दरगाह और हाजी अली दरगाह पर ले जाया गया। वहां उन्हें किसी मौलवी से मिलाया, जहां उन्होंने धागा बांधा और एक बॉटल में पानी पीने के लिए दिया गया। साथ ही नमाज. पढ़ने के लिए बाध्य किया जाता था। वहां हिंदू धर्म के विषय में गलत-गलत बातें बताई जाती थी। उन्हें उत्तन दरगाह भी लेकर गए थे, जहां उनके साथ झाड़- फूंक जैसी क्रिया की जाती थी। मना करने पर खाना- पीना बंद कर दिया जाता था। बच्चों के मुंहबोला मामा रात में उन्हें टच करता, तथा अश्लील हरकतें करते रहता था। विरोध करने पर दूरी बना लेता लेकिन फिर से वही हरकत करने लगता था। वह बच्ची के मां के विषय में भी गलत-गलत बातें करता था। मजबूर पिड़ित लड़की जब भी हैवान की हैवानियत का विरोध करती तो उसे घर से निकालने की धमकी दी जाती थी। बोलने लगे कि तू यहां से चली जा अपने भाई और बहन के साथ नहीं तो घसीट कर बाहर निकाल दी जायेगी। ऐसी तमाम यातनाओं से बच्चों को गुजरना पड़ा। इंसान के रूप में हैवान ने उसके साथ बलात्कार किया, तब सब्र का बांध टूट गया और इंसानियत शर्मसार हो गई। आखिरकार वही हुआ जिसका उन्हें डर सता रहा था। दो दिन का समय देकर बच्ची को घर से निकाल दिया गया। पिड़िता की शिकायत पर मीरा रोड पुलिस स्टेशन में पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच की जा रही है।

## नेता कर रहे है टोल का झोल, जनता है परेशान

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : मीरा भायंदर मनपा नगरसेवकों का कार्यकाल २८ अगस्त २०२० को ही समाप्त हो गया है इसके बावजूद खुद को पूर्व नगरसेवक नहीं मानते नेताजी। मनपा के अधिकतर पूर्व नगरसेवक अपने लेटरहेड का इस्तेमाल बेधड़क कर रहे है जिस पर पूर्व या माजी नगरसेवक की बजाय मा. नरसेवक लिखा हुआ है। गौरतलब है की कई पूर्व नगरसेवकों की कारों पर मनपा का स्टिकर लगा हुआ है जिसका इस्तेमाल टोल से बचने के लिए किया जाता है। सूत्रों की माने तो मनपा नगर सचिव वासुदेव शिरवलकर ने ३ अक्टूबर २०२२ को बाकायदा परिपत्र निकाल कर सभी पूर्व नगरसेवकों को सूचित किया था की वे अब पूर्व हो गए है। मीरा भायंदर के कई पूर्व जनप्रतिनिधियों मनपा टेंडर में रूचि रखते है कई ने तो अपने रिश्तेदारों को मनपा का ठेकेदार बना रखा है। यही वजह है की आज भी इन्हे मनपा में प्रवेश दिया जाता है। बता दे की मीरा भायंदर की आमजनता जनता जहां टोल से परेशान है वही नेताजी है की पूर्व होने के बावजूद टोल का झोल कर रहे है।

## गोविंदा पथको को सरकार की ओर से मिली सौगात, सुरक्षा कवच के लिए आगे आएं

**जेकेएस संवाददाता**

**मुंबई** : दही हांडी उत्सव के दौरान मटकी फोड़ने के लिए मानव पिरामिड बनाने वाले गोविंदाओं का राज्य सरकार बीमा कराएगी. मटकी फोड़ने के दौरान हादसे में जान गंवाने वाले गोविंदा की मौत पर उसके परिजनों को १० लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा. इसके अलावा दो अंग या दोनों आंखें गंवाने या स्थायी रूप से विकलांग होने पर भी गोविंदा को १०-१० लाख रुपए मिलेंगे. एक हाथ, एक पैर या एक आंख गंवाने वाले गोविंदा को भी बीमा कंपनी की ओर से ५ लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा. इसके अलावा स्थायी आंशिक विकलांगता पर बीमित



रकम का कुछ फीसदी मुआवजा दिया जाएगा. दही हांडी उत्सव के दौरान घायल होने वाले गोविंदाओं का एक लाख रुपए तक का इलाज का खर्च भी संबंधित कंपनी उठाएगी सरकार ने ५० हजार गोविंदाओं का बीमा कराने का फैसला किया है. इसके तहत प्रति गोविंदा ७५ रुपए की किश्त भरी जाएगी और कुल मिलाकर यह किश्त ३७ लाख ५० हजार रुपए की होगी. स्कूली शिक्षा एवं क्रीडा विभाग दही हांडी समन्वय समिति को यह देगी, जो आगे बीमा कंपनी को दी जाएगी. बीमा ८ सितंबर शाम ६ बजे तक के लिए मान्य होगा. राज्य सरकार ने दही हांडी को साहसिक खेल का दर्जा दिया है. बता दें कि पिछले साल दही हांडी उत्सव में दो गोविंदा की मौत हो गई थी और २२२ गोविंदा पथक में भाग लेने वाले गोविंदा घायल हुए थे. सरकार द्वारा सभी धातु का इलाज मुफ्त में कराया गया था. दही हांडी समन्वय समिति ने ५० हजार गोविदाओं का बीमा कराने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है. यह दही हांडी समन्वय समिति द्वारा सरकार से किए गए मांग की सफलता है. समिति के बाला पडेलकर ने सभी गोविंदा पथकों मंडलों से अपील की है कि मंडल तुरंत समिति से संपर्क करें और बीमा का लाभ उठाएं. ३१ अगस्त को वर्ली के डोम ऑडिटोरियम में होने वाले प्रो गोविंदा स्पर्धा के लिए उद्योग मंत्री उदय सामंत वह क्रीडा मंत्री संजय बनसोडे ने एक बैठक का आयोजन किया है. दहीहंडी समन्वय समिति व शिवसेना शिंदे गुट के युवा नेता पूर्वेश प्रताप सरनाईक तथा दहीहंडी समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से चर्चा की थी.

## मीरा भाईंदर में पार्किंग को लेकर बबाल

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर शहर की सडक़ों पर भारी संख्या में अवैध वाहन खडे.होने से यातायात बाधित होता है। दूसरी तरफ नो - पार्किग जोन में वाहन पार्क करने पर दंड की तलवार लटकती रहती है इस समस्या से बचने के लिए मीरा भायंदर महानगरपालिका ने मनपा के कब्जे वाली खुली भूखंड पर वाहनों को पार्क करने की अनुमति देने का निर्णय लिया था। यह निर्णय आज भी ठंडे बस्ते में पडा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में मनपा क्षेत्र की सडक़ों का विस्तारीकरण किया गया है। जबकि भायंदर पश्चिम के ६० फीट रोड, नवघर रोड, बीपी रोड, सृष्टि, रामदेव पार्क, मीरारोड स्टेशन, और मीरा-भायंदर मुख्य रोड पर बडी संख्या में वाहन अवैध रूप से पार्क किए जाते हैं। इससे अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। इन वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा निरंतर कारवाई की जाती है। वहीं शहर के पुराने इमारतों में पार्किग की जगह नहीं होने के कारण भी यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस समस्या को सुलझाने के लिए तत्कालीन मनपा आयुक्त दिलीप ढोले की अध्यक्षता में जून माह में मनपा प्रशासन और यातायात पुलिस की बैठक हुई थी। इस दौरान आयुक्त ने शहर में गैरेज के बाहर खडे.वाहनों के साथ ही सडक़ के समीप यातायात में बाधा डालने वाले वाहनों के खिलाफ नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। साथ ही मनपा के कब्जे वाली खाली भूखंड वाले क्षेत्रों में जहां पार्किंग के लिए जगह नहीं है वहां वाहनों की पार्किंग की अनुमति देने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए वाहन मालिक को संबंधित जमीन पर पे एंड पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना थी, लेकिन अभी तक पार्किंग की यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## सार्वजनिक शौचालय बना गुटखा बाजार



**जेकेएस संवाददाता**

**मीरा रोड** : काशीमीरा क्राइम ब्रांच की टीम ने मीरा-भायंदर मनपा के सार्वजनिक शौचालय से गुटखा बिक्री करने वाले आरोपी मो. नवाब शमसुद्दीन कुरेशी को गिरफ्तार कर उसके पास से विभिन्न कंपनियों के ७८,८६५ रुपये मूल्य का गुटखा बरामद किया है. क्राइम ब्रांच यूनिट के हवलदार विकास राजपूत को सहायक फौजदार राजू तांबे ने बताया कि उसे गुप्त सूचना मिली है कि आजाद नगर के गली नंबर २ में स्थित सुस्वागतम सेवा मंडल द्वारा संचालित मनपा के सार्वजनिक शौचालय में प्रतिबंधित गुटखा की बिक्री की जाती है. वरिष्ट पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर राजपूत, तांबे, शिंदे और यादव की पुलिस टीम ने दो पंचों के साथ शौचालय का मुआयना किया तो वहां काम करने वाला व्यक्ति आने जाने वाले को विभिन्न कंपनियों के गुटखा बिक्री करते पाया गया. उसके रहने के लिए शौचालय में बने रूम की तलाशी लेने पर वहां प्लास्टिक की गोनी में अलग-अलग कंपनियों के गुटखा के पॉकेट बरामद हुए. गिरफ्तार किया गया आरोपी नवाब कुरैशी मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला का रहने वाला है. उसके खिलाफ नवघर पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## तंबाकू व धूम्रपान के खिलाफ कर्मचारियों ने ली शपथ

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : देश के ७६ में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मीरा भायंदर मनपा आयुक्त तथा प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर ने सर्वप्रथम शहर के प्रवेश द्वार काशीमीरा नाका पर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के अश्वारूढ प्रतिमा और भायंदर पश्चिम फाटक के पास स्थित स्वतंत्र भारत के संविधान के शिल्पकार डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प हार्पित किया। इसके बाद मनपा मुख्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के अर्धकृति प्रतिमा व स्वतंत्रता सैनिकों के स्मारक पर पुष्प हार अर्पित कर वंदना की। इसके उपरांत मनपा के मुख्य कार्यालय में ध्वजारोहण कर शहर के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मनपा कर्मचारियों ने देशभक्ति के गीत गाकर शहीदों को मान वंदना अर्पित की। आयुक्त - प्रशासक काटकर के हाथों शहीद मेजर कौस्तुभ राणे के वीरपिता प्रकाश राणे का सम्मान किया गया। मनपा आयुक्त - प्रशासक की उपस्थिती में सभी मनपा अधिकारियों व कर्मचारियों ने तंबाकू व धूम्रपान के उपयोग के खिलाफ व्यसनमुक्ती की शपथ ली। इस अवसर पर आयुक्त के हाथों घनकचरा व्यवस्थापन विभाग को २० नई कचरा गाडी का उद्धाटन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर, संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (मुख्यालय) मारुति गायकवाड, उपायुक्त (जनसंपर्क) संजय शिंदे, उपायुक्त (घनकचरा व्यवस्थापन) रवि पवार, शहर अभियंता दीपक खांबित, नगरसचिव वासुदेव शिरवलकर तथा मनपा के सभी विभाग प्रमुख अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## सरकारी अस्पताल में मुर्दों की हालत खराब, फ्रीजर हुए बंद

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर में स्थित इकलौता सरकारी अस्पताल हमेशा अपनी बदहाली के कारण हमेशा चर्चा में रहता है। बदहाली का आलम यह है कि अस्पताल का फ्रीजर काफी दिनों से खराब है, लोगों को शव रखने में काफी परेशानी हो रही है। लगभग १२ से १५ लाख की आबादी वाले मुंबई से सटे मीरा-भायंदर में मात्र एक सरकारी अस्पताल पं. भीमसेन जोशी अस्पताल है, जो बहुत सुविधायुक्त नहीं होने के बावजूद भी यहां मरीजों की अच्छी खासी भीड.लगी रहती है। राज्य सरकार की उपेक्षा के कारण यह अस्पताल खुद ही बीमार रहता है। अपनी बदहाली के कारण यह अस्पताल हमेशा सुर्खियों में रहता है। कभी



सफाई कर्मचारी की कमी, तो कभी स्टाफ की कमी, तो कभी समय पर वेतन नहीं मिलने के मामले मीडिया में छपते रहते हैं। अस्पताल की कुव्यवस्था का एक और मामला सामने आया है। अस्पताल के शव विच्छेदन केंद्र में शव रखने वाले फ्रीजर बंद पडे.हुए हैं। यह मामला तब उजागर हुआ जब एक शव को अस्पताल में रखने से मना कर दिया गया। परिजनों ने जब पता किया तो पता चला कि अस्पताल में शव गृह के फ्रीजर खराब पडे.हुए हैं। हालांकि, एक स्थानीय पत्रकार व समाजसेवक ने तत्काल परिजनों से बात कर बर्फ की व्यवस्था करवाकर शव को एंबुलेंस में रखवा दिया। गौरतलब है कि शव केंद्र में कुल २१ फ्रीजर शव रखने के लिए उपलब्ध है, जिसमें ९ फ्रीजर कुछ सप्ताह से खराब पड़े हुए हैं। नाराज स्थानीय लोगों ने इस अव्यवस्था पर कहा कि शहर में दो दो विधायक वर्तमान में सत्ता में आसीन हैं फिर भी अस्पताल की यह दुर्दशा है। राज्य शासन के अधीन अस्पताल के साथ-साथ मनपा के अधीन मीरा रोड के इंदिरा गांधी अस्पताल में भी शव रखने वाले फ्रीजर कई महीनों से बंद पडे. हैं। इस मामले में टेम्बा अस्पताल के हेड डॉ. जफर तडवी ने बताया कि कुछ फ्रिजर खराब हैं उन्हें जल्द ही ठीक कराया जाएगा।

# गिरीश नायर गिरफ्तार, बिल्डर को धमकाने का आरोप

वसई । अपराध शाखा क्रमांक ३ तथा नायगांव की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए २१ जून को नायगांव स्थित एक बिल्डर के कार्यालय में घुसकर हफ्ता ना देने पर उसके ऊपर तलवार से जानलेवा हमला करने वाले गिरीश नायर नामक एक कुख्यात गुंडे को मकोका के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार २१ जून को बिल्डर जीतेंद्र रमाकांत यादव नायगांव स्थित अपने कार्यालय में बैठे हुए थे, तभी गिरीश नायर और उसके साथियों ने उनके ऑफिस में आकर पैसों की मांग की। पैसा ना मिलने पर गुस्साए गिरीश नायर ने तलवार से उनके कार्यालय में काम करने वाले एक व्यक्ति के सिर के ऊपर तलवार से हमला किया तथा यादव के पैर पर भी तलवार से वार करते हुए धमकी दी कि वह दोनों को जिंदा नहीं छोड़ेगा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया। वरिष्ट पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गिरीश नायर को गोरेगांव से गिरफ्तार कर लिया । पुलिस को मिली यह कामयाबी पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे, पुलिस उपायुक्त पूर्णिमा चौघुले श्रृंगी, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल मांडये के मार्गदर्शन में तथा अपराध शाखा क्रमांक ३ के पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडाख, सहायक पुलिस निरीक्षक रोशन देवरे, गणेश केकान, पुलिस उप निरीक्षक अभिजीत भूपेंद्र टेलर, उमेश भागवत तथा दोनों पुलिस स्टेशनों की संयुक्त पुलिस की सक्रियता के चलते मिली।


गिरीषकुमार नायर

# ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न

वसई : भारतीय स्वतंत्रता के ७५ वर्ष पूर्ण होने की पृष्टभूमि पर ९ अगस्त २०२३ से २० अगस्त २०२३ तक 'आजादी का अमृत महोत्सव' अभियान के अंतर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' अर्थात 'माझी माती माझा देश' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत शुक्रवार, १८ अगस्त २०२३ को नेशनल इंग्लिश स्कूल, विराटनगर, विरार (प.) में आयुक्त एवं प्रशासक अनिल कुमार पवार द्वारा शिलाफलक' अनावरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अति.आयुक्त अजिंक्य बगाडे, उप-आयुक्त नयना ससाणे, अजित मुठे, सदानंद पुरव, चारुशीला पंडित, संघरत्ना खिल्लारे, प्र. सहा.आयुक्त शशिकांत पाटील, कार्यकारी अभियंता प्रदीप पाचंगे व पूर्व नगरसेवक व नगरसेविका तथा नागरिक, विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी तथा मनपा कर्मचारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन केसीएन क्लब द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर श्री अनिरुद्ध इंग्लिश स्कूल गणेशनगर में ध्वजारोहण किया गया

**जेकेएस संवाददाता**

पालघर : जश्न-ए-आजादी के अमृत महोत्सव काल में मनाये जा रहे ७७वें स्वतंत्रता दिवस पर श्री अनिरुद्ध इंग्लिश स्कूल गणेशनगर में राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन केसीएन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दन मिश्र त्यागी के मार्गदर्शन में कोकड मण्डल कमेटी द्वारा ध्वजारोहण किया गया ध्वजावंदन व राष्ट्रगान के उपरांत केसीएन क्लब द्वारा आयोजित सातवें 'कारगिल पराक्रम जनजागृति मशाल पदयात्र में शामिल श्री अनिरुद्ध इंग्लिश स्कूल गणेशनगर के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व विद्यालय को आभार सम्मान चिन्ह भेंट देकर सम्मान्ति किया। कार्यक्रम में सभी बच्चों के लिए केसीएन क्लब की तरफ से खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई थी। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रन के दौरान केसीएन क्लव द्वारा बच्चों को देशभक्ति के प्रति जागरूक किया गया साथ ही साथ स्कूल के बच्चों द्वारा सुन्दर सुन्दर देशभक्ति कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया । इस अवसर पर केसीएन क्लब के पदाधिकारियों में युवा मोर्चा के चंदन झा. कोकड मण्डल अध्यक्ष जयन्ति महतो, कोकड मण्डल उपाध्यक्ष देवेंद्र मेश्राम, कोकड मण्डल महासचिव मनोज यादव, कोकड मण्डल सचिव गुलाब चौहान, केसीएन क्लब प्रोफेशनल के जिलाध्यक्ष पालघर आनंद गौतम, वरिष्ट सदस्य दिनेश धुरिया, अमर सिंह, रवी महतो, बिहार प्रकोष्ट के पालघर प्रमुख संजय यादव, वरिष्ट सदस्य रजनारायान यादव, उत्तर प्रदेश सचिव डॉ सतेंद्र यादव संगीता जायसवाल, अमर सिंह, कन्हैया सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहै।



# महाराष्ट्र में कैसिनो नहीं होगा शुरु, सरकार ने लिया फैसला

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : कागजों तक सीमित रहने वाली कैसिनो कानून को आखिरकार राज्य सरकार ने रद्द कर दिया। कानून रद्द करने वाद राज्य में कैसिनो खुलने की संभावना पूरी तरह से खत्म हो गई है। फिलहाल, देश में गोवा और सिक्किम जैसे राज्यों में कैसिनो चलाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने साफ किया कि किसी भी हाल में महाराष्ट्र में कैसिनो शुरू नहीं किया जाएगा। शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक में कैसिनो कानून रद्द करने का निर्णय लिया गया। दरअसल, १९७६ में महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र कैसिनो (नियंत्रण और कराधान) अधिनियम, १९७६ पारित किया था। राज्यपाल ने मंजूरी भी दे दी, लेकिन उसे लागू करने के लिए कानून नहीं बनाया गया। जैसे-कौन सा विभाग इस कानून पर अमल करेगा, कानून तोडऩे पर कार्रवाई कौन करेगा, कार्रवाई कैसे होगी ? यहां तक कि नोटिफिकेशन भी जारी नहीं किया गया। इससे राज्य सरकार ने महाराष्ट्र में किसी को भी कैसिनो चलाने की अनुमति नहीं दी। कैसिनो कानून लागू करने के लिए साल २०१५ के आसपास किसी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में कहा गया कि जव कैसिनो चलाने की मंजूरी सरकार ने दी है, तो वह कैसिनो चलाने की अनुमति क्यों नहीं देती, इस पर कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा। उस वक्त सरकार ने टालमटोल का रवैया अपनाया था। सूत्र बताते हैं कि चार-पांच लोगों ने कैसिनो चलाने की अनुमति मांगी थी। इससे सरकार पर राज्य में कैसीनो शुरू करने का दबाव बढ.रहा था, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इसके पक्ष में नहीं थे। राज्य में जव उद्धव सरकार बनी, तव कैसिनो शुरू करने के लिए मंत्री स्तर की एक बैठक भी हुई, फिर इसे लेकर एक स्टडी ग्रुप बनाया गया। इसके पीछे तर्क था कि राज्य में पर्यटन को बढावा देने के लिए कैसिनो होना चाहिए। इस बीच सत्ता परिवर्तन हुआ और गृह विभाग फडणवीस के हाथों में आया, जो पहले से कैसिनो की खिलाफत कर रहे थे। विधानमंडल के बीते मॉनसून सत्र में भी उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि महाराष्ट्र में इस गंदगी को आने नहीं दिया जाएगा। महाराष्ट्र में कैसिनो कानून लागू करने को लेकर हाल ही में आधिकारिक स्तर पर चर्चा हुई, फिर तय हुआ कि महाराष्ट्र में कैसिनो शुरू नहीं किए जाएंगे। शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक में महाराष्ट्र कैसिनो (नियंत्रण और कराधान) अधिनियम, १९७६ को निरस्त करने का प्रस्ताव पेश किया गया। बैठक में कानून निरस्त करने और इसके अनुरूप एक विधेयक विधानमंडल में पेश करने की अनुमति दी गई।





माजी नगरसेवक मदन सिंह ने आरएनपी पार्क शिव महल , राजपूत पैलेस ,अक्षिता से लेकर जेसल पार्क जैसलमहला , जैसल मनोर ,अर्पण समर्पण ,रविराज कंपलेक्स ,सेन्ट फ्रांसिस स्कूल तथा सर्जन कंपलेक्स के रहिवासियों द्वारा की गई शिकायत पर वहां के बढे.हुए पेडों की छंटनी करवाई गई साथ में सभी स्थानीय रहवासी गण धन्यवाद













# वसई-विरार मैराथन का रजिस्ट्रेशन शुरू

विरार: ११वीं वसई-विरार महानगरपालिका मैराथन का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। आगमी १० दिसंबर को बहुचर्चित और वहुप्रतीक्षित मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस मैराथन में भाग लेने के लिए न केवल अन्य राज्यों से, बल्कि विदेश से भी एथलीट आते हैं। वसई-विरार मनपा आयुक्त अनिल पवार ने बताया कि इस पार पुरस्कार राशि को बढा दिया गया है और यह राशि देश के किसी भी राष्ट्रीय स्तर के मैराथन से ज्यादा है। सभी पुरस्कारों को मिलाकर मनपा ५४ लाख रुपये से अधिक का खर्च करने जा रही है। आयुक्त ने बताया कि इस वार का मैराथन ऐतिहासिक होगा और प्रतिभागियों के लिए हर प्रकार के इंतजाम किए जाएंगे। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए रहने और खाने का भी इंतजाम किया जाएगा। यहां करें रजिस्ट्रेशन: मैराथन में हिस्सा लेने के लिए फॉर्म भर सकते हैं।





















# भाजपा ने २०० महिलाओं को धार्मिक यात्रा के लिए भेजा



**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : भारतीय जनता पार्टी सृष्ठि मंडल बूथ संयोजक नवीन सिंह के नेतृत्व में २०० महिलाओं का जत्था धार्मिक यात्रा के लिए रवाना । नवीन सिंह ने इस यात्रा को लेकर कहा कि परिसर की महिलाओं को उन्होंने मंदिरों के दर्शन करवाने का वादा किया था । तकरीबन २०० से अधिक महिलाओं को धार्मिक यात्रा पर भेजा गया । सभी महिलाओं को अल्पाहार एंव पानी की व्यवस्था की गई थी । माता बहनों को मंदिरों के दर्शन कराना पुण्य कर्म बसों को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस धार्मिक यात्रा में प्रति शिरडी व्रजेश्वरी मंदिर गणेशपुरी के दर्शन की व्यवस्था की गई। इस यात्रा को लेकर रवि व्यास ने कहा कि श्रावण मास का पावन महीना चल रहा है ऐसे में इस प्रकार के आयोजन उत्साह वर्धन का काम करते हैं सभी माता बहनों को मंदिरों के दर्शन कराना अपने आप में पुण्य कर्म है। यात्रा के आयोजक नवीन सिंह ने कहा कि आनेवाले समय मे इस प्रकार के कई अन्य आयोजन जाएंगे।

# गला दबाकर पत्नी की हत्या करने वाले दरिंदे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पालघर : पालघर जिले के वाडा तालुका में पुलिस ने अपनी ३२ वर्षीय पत्नी की हत्या करने के आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वारदात बृहस्पतिवार दोपहर को हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा, धपति- पत्नी जिले में धनवेपाडा में रहते थे। व्यक्ति को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था, जिसकी वजह से उनके बीच झगडा होता रहता था। बृहस्पतिवार को झगडे.के दौरान गुस्से पर काबू नहीं रख पाए ३९ वर्षीय व्यक्ति ने पत्नी का गला घोंट दिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। हत्या के आरोप में उसके पति अशोक मराडे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आरपीएफ की लगातार चोरो पर कार्रवाई से अन्य चोरों में हडक़ंप, फिर हाथ आए ३ चोर

वसई : ऑपरेशन यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पूरी तरह चाक चौकना है। जिसका जीता जागता परिणम आए दिन देखा जा रहा है। इसी कडी में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से २ मोबाइल व १ बैग व लैपटॉप चोर पकडे.गए। कुल ३ अपराधो का खुलासा हुआ है। फिलहाल, उपरोक्त आरोपियों को जीआरपी (वसई-बोरीवली) के हवाले किया गया है। पहली घटना १७ अगस्त को विरार आरपीएफ सी. पी.डी.एस टीम के एच. सी सत्येन्द्र सिंह एच. सी कैलाश जाधव व सी.टी राकेश तंवर को विरार स्टेशन की निगरानी के दौरान एक मोबाइल चोर को रंगे हाथ विरार रेलवे से धर दबोचा, जिसका नाम राजेश दीपक मोर, उम्र २४ वर्ष निवासी विरार पश्चिम है। आरपीएफ एस.आई.पी.एफ राजन कुमार द्वारा पूछताछ के बाद उसने यात्री की जेब से मोबाइल (१८,००० रुपये) चोरी करने का अपराध कबूल कर लिया और उसे जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है। दूसरी घटना ११ अगस्त को कांदीवली स्टेशन पर एक यात्री का लैपटॉ प के साथ बैग चोरी हो गया था। इस मामले में जीआरपी बोरीवली में केस दर्ज किया गया था। आरपीएफ बोरीवली सीपीडीएस टीम ने उक्त चोरी मामले के फुटेज की जांच की और अवलोकन के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पाया। इस बीच १७ अगस्त को सी.पी. डी. एस टीम सीटी रवि बर्मन, सीटी हरिशंकर यादव, सीटी विनोद कुमार एवं सीटी रवि कुंतल द्वारा बोरीवली स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर ३ से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकडा, संतोषजनक जवाब न देने के कारण उसे पोस्ट पर लाया गया, और पूछताछ में उसने अपना नाम नारायण




दिनकर हजारे, उम्र ६१ वर्ष, निवासी बोरीवली पश्चिम बताया, उसने बैग व मोबाइल (२०,००० रुपये) चोरी का अपराध स्वीकार कर लिया। तीसरी घटना १६ अगस्त को बोरीवली स्टेशन प्लेटफॉर्म नं ७ पर एक यात्री का मोबाइल फोन चोरी की घटना घटी। मामले में जीआरपी बोरीवली में केस दर्ज हुआ है। आरपीएफ बोरीवली की सीपीडीएस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और १७ अगस्त को सीपीडीएस टीम द्वारा बोरीवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं ३ से एक संदिग्ध महिला व्यक्ति को पकडा। लेकिन उसने कोई संतोषजनक जवाब नही दी, उसके बाद उसे पोस्ट पर लाया गया जहां उसने अपना नाम प्रियंका रमेश सोलंकी (आयशा खान) उम्र ३५ वर्ष निवासी दहिसर पूर्व बताया और मोबाइल (५०,००० रुपये) चोरी का जुर्म कबूल कर लिया। दोनो चोरों को जीआरपी बोरीवली के हवाले किया गया है।

**बांधकाम विभाग,**
**जिल्हा परिषद ठाणे.**
**निविदा सुचना क्रं. २४ सन २०२३-२०२४**

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिल्हा परिषद ठाणे हे ई-निविदा द्वारे सर्व लेखाशिर्षाखाली बांधकाम विभाग, जिल्हा परिषद ठाणे कडील कामांच्या Online निविदा मागवित आहेत.

१. विस्तृत माहिती http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे.
२. सदर ई निविदा Online Download/Upload खालिल वेळापत्रकाप्रमाणे करण्यात येईल.

| निविदा सुचना क्रमांक | ई निविदा Online Download/ Online Upload करण्याचा दिनांक | निविदा उघडण्याचा दिनांक (शक्य असल्यास) | एकुण कामे |
|---|---|---|---|
| २४ | दि. १७/०८/२०२३ ते दि. २५/०८/२०२३ | दि. २८/०८/२०२३ | ०१ |

३. सदरहु ई-निविदाबाबत या पुढील सर्व शुध्दीपत्रक तसेच फेरनिविदा अथवा इतर माहिती http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर प्रसिध्द करण्यात येईल.

**सही/-**
कार्यकारी अभियंता
बांधकाम विभाग
जिल्हा परिषद ठाणे

**सही/-**
अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिल्हा परिषद ठाणे

जाक्रं.ठाजिप/बांवि/निवदा-४/वशि-२४
बांधकाम विभाग जि.प.ठाणे
दिनांक : १७/०८/२०२३

# ईवेंट कंपनी की आड में होता था देहव्यापार, आरोपी गिरफ्तार



मुंबई: मुंबई क्राइम ब्रांच ने नौकरी के नाम पर महलिाओं को सेक्स रैकेट में फंसाने के मामले का पर्दाफाश किया है। इंदौर की तीन महिलाएं नौकरी के लिए मुंबई आईं। उन्हें एक इवेंट कंपनी में नौकरी मिल भी गई, लेकिन बाद में उन्हें देह व्यापार करने के लिए मजबूर कर दिया गया। दहिसर क्राइम ब्रांच ने इन तीनों महिलाओं को एक ट्रैप के बाद रेस्क्यू करवाया और दो लोगों को गिरफ्तार किया। रेस्क्यू कराई तीन महिलाओं में दो सगी बहने हैं, जबकि तीसरी महिला दोनों बहनों के गांव की है। तीनों को उनके पति प्रताडित्र करते थे, इसलिए वह पति से अलग हो गईं और काम के सिलसिले में कुछ महीने पहले मुंबई आईं। उन्हें कुछ लोगों के जरिए तथाकथित तौर पर एक इवेंट कंपनी से जुडे.नीलेश पाटील का पता चला। उन्होंने उससे संपर्क किया। छोटे से इंटरव्यू के बाद तीनों को नौकरी मिल गई। उन्हें अलग-अलग जगह इवेंट के बहाने भेजा जाने लगा। पर्सनालिटी डेवलपमेंट के पेपर में पूछे सेक्स लाइफ से जुडे.सवाल, प्रिंसिपल बोले- मनोविज्ञान में इन प्रश्नों का जिक्र बाद में नीलेश पाटील ने इन तीनों महिलाओं के फोटो अलग-अलग वॉट्सऐप ग्रुप में भेजने शुरू कर दिए। ग्राहक इन महिलाओं में किसी एक की फोटो सेलेक्ट करते थे और बाद में नीलेश उस लडक़ी को कहता था कि तुम्हें आज एक शो में इस या उस होटेल में जाना है। होटेल का कमरा ग्राहक बुक करता था। नीलेश का ड्राइवर नरेंद्र देवडे लडक़ी को लेकर उस होटेल ले जाता था। नीलेश को बदले में ग्राहक से १५ हजार रुपये मिलते थे।

# देश पर हुए शहिद उनका भी करें सम्मान - अक्षयसागर जी महाराज

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार, १५ अगस्त को श्री सकल दिगंबर जैन चातुर्मास समिति मुंबई, श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय ट्रस्ट भायंदर, सकल दिगंबर जैन समाज ठाणे एवं वीर जवान फाउंडेशन मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में मातृभूमि की रक्षा में अपना जीवन न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों के परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। दिगम्बर जैनाचार्य १०८ विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री १०८ अक्षयसागर जी महाराज ससंघ की प्रेरणा से आयोजित कार्यक्रम में वीर सैनिकों की स्मृति में उनके परिवारों का सम्मान किया जाएगा। यह समारोह राधेश्याम डोम, कस्तूरी गार्डन मार्ग, टेम्बा अस्पताल के पास, मैक्सस मॉल के पीछे, भायंदर पश्चिम में आयोजित किया गया। चातुर्मास कमेटी के सदस्य कमल गंगवाल ने बताया कि सम्मान के लिए ३१ सैनिक परिवारों का चयन किया गया था। भारत के विभिन्न प्रांतों से आये वीर जवानों के परिजनों को प्रशस्ति पत्र, हथकरघा वस्त्र, नगद राशि प्रदान की गई। आयोजन को सफल बनाने में चातुर्मास कमेटी के प्रमुख तरुण काला, प्रशांत जैन, मीरा भायंदर मनपा नगर रचना विभाग के सहायक संचालक दिलीप घेवारे, डॉ. सुहास शाह, के. सी. जैन, प्रभात जैन, पद्म सोनी, पंकज जैन, जयेश शाह, दिनेश गंगवाल, नलिन शाह, मनोज बड़जात्या, किरीट दोशी, विधि जैन, प्रवीण जैन के साथ सकल दिगम्बर जैन समाज के धर्मावलंबीयों ने अपना अमूल्य योगदान दिया। एवरेस्ट पर तिरंगा फहराकर समाज और देश का नाम रोशन करने वाली जैन समाज की प्रथम पर्वतारोही याशी जैन भी पूज्य मुनि श्री के दर्शनार्थ समारोह में शामिल हुई थी। समारोह में भायंदर की विधायक गीता जैन, पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता, भाजपा नेता रवि व्यास सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अक्षयसागर जी महाराज ने कहा की सिर्फ १५ अगस्त और २६ जनवरी को ही नहीं बल्कि देश के सभी पर्व और त्योहारों पर वीर शहीद के परिजनों और उनके बच्चों का सम्मान किया जाना चाहिए। उनके मां को वीर माता और पत्नी को वीर पत्नी कह कर संबोधित करना चाहिए। उन्हें विधवा कहकर शर्मिंदा नही करना चाहिए।

# १५ अगस्त को भाजपा ने दिखाई एकता



भायंदर। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी, मीरा-भायंदर शहर जिला द्वारा समूचे शहर में भव्य तिरंगा यात्रा और बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता, भाजपा के मीरा-भायंदर विधानसभा प्रमुख एड रवि व्यास, जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, पूर्व महापौर डिंपल मेहता, पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत, पूर्व सभागृह नेता प्रशांत दलवी समेत बडी तादाद में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारे के साथ सहभागिता की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने जिस तरह से अपनी एकता कपरिचय दिया, उसकी चर्चा शहर में ज़ोर-शोर से हो रही है।



# शहर में पार्किंग की समस्या को लेकर हो सकता है समाधान



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। मीरा भायंदर में पार्किंग और टोइंग की समस्या के जल्द खत्म होने के आसार दिखाई दे रहा है। बीजेपी के मीरा भायंदर विधानसभा प्रमुख एड. रवि व्यास ने आज भाजपा पदाधिकारियों , नगरसेवकों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस मुख्यालय में ट्रैफिक विभाग के डीसीपी प्रकाश गायकवाड को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। उनसे इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की तथा नो पार्किंग जोन मे जनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने सरकारी प्रतिष्टानों और अहम स्थलों के पास पार्किंग का इंतज़ाम ना होने से हो रही टोइंग की समस्या पर भी चर्चा करते हुए इस विषय को प्रमुखता से उठाया। प्रकाश गायकवाड ने जल्द ही इस बारे में एक नई पॉलिसी बनाने और तब तक शहर में अवैध टोइंग की समस्या पर लगाम लगाने का आश्वासन देते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिया। मीरा भायंदर के लोग काफी अर्से से नो पार्किंग की समस्या के चलते बहुत परेशान हैं। अस्पताल ,विद्यालय, बिल भरने के केंद्र जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भी पार्किंग की सुविधा नहीं होने से , विवशता पूर्ण परिस्थितियों में खडी की गई उनकी गाडिय़ों को ट्रैफिक पुलिस उठा ले जाती है। एडवोकेट रवि व्यास पिछले एक वर्ष से लगातार इस समस्या के निराकरण के लिए प्रयत्नशील है। इस समस्या के निराकरण के लिए वे अब तक पुलिस आयुक्त, महापालिका आयुक्त तथा अन्य बडे.प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर उन्हें ज्ञापन दे चुके हैं। ट्रैफिक विभाग के डीसीपी प्रकाश गायकवाड के आश्वासन के बाद उम्मीद की जाती है कि जल्द ही मीरा भायंदर के लोगों को इस समस्या से निजात मिल जायेगा।

# मीरा भाईंदर में वीर सैनिकों और स्वतंत्रता सेनानियों का हुआ सम्मान

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : केंद्र सरकार के मार्गदर्शक सूचना अनुसार मेरी माटी-मेरा देश उपक्रम के तहत सोमवार को मीरा भायंदर महानगरपालिका के नवनियुक्त आयुक्त तथा प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर के मार्गदर्शन व विधायक गीता जैन की उपस्थिति में मीरारोड पूर्व के कनकीया रोड पर स्थित ज्ञानज्योति सावित्रीबाई ज्योतिबा फूले उद्यान में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मीरा भायंदर शहर के



शहीद वीर सैनिकों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम का शीलाफलकम का अनावरण शहीदों के परिजनों की उपस्थिति में किया गया। साथ ही मनपा के अधिकारी, कर्मचारी, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन स्कूल के विद्यार्थी व स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। देश भक्ति की भावना को प्रेरित करने के लिए ३७ पूर्व तथा वर्तमान स्वतंत्रता सैनिकों व शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया। इसके बाद विधायक जैन ,आयुक्त काटकर ,मनपा के सभी अधिकारी , स्कूली विद्यार्थी व नागरिकों की उपस्थिति में हाथ में मिट्टी वह दिया लेकर पांच प्राण शपथ लिया गया। वसुधा वंदन अंतर्गत भारतीय प्रजाति के ७५ पौधों के रोपण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आयुक्त काटकर ने कहा कि १५ अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के सभी नागरिक अपने- अपने घरों पर तिरंगा फहराकर उसको मान वंदना दे और तिरंगा फहराने के नियमों का कहीं उल्लंघन ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। आयुक्त काटकर ने शहर वासियों से आग्रह किया है कि उद्यान में शीलाफलकम का दर्शन कर उसके साथ सेल्फी निकाले और वह सेल्फी केंद्र सरकार के अधिकृत संकेत स्थल पर अपलोड करें।

# नवनियुक्त आयुक्त संजय काटकर ने किया ध्वजारोहण

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। ७६ वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मीरा-भायंदर के आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर ने काशीमीरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ.प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद फाटक रोड स्थित स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके बाद मनपा मुख्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के पुतले एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। जिसके उपरांत आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर ने मनपा मुख्यालय में ध्वजारोहण कर मीरा-भायंदर शहर के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मनपा कर्मचारियों ने देशभक्ति गीत गाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर ने इस अवसर पर शहीद मेजर कौस्तुभ राणे के पिता प्रकाश राणे को सम्मानित किया। इसके बाद उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू एवं धूम्रपान के सेवन के विरूद्ध शपथ ली। उक्त कार्यक्रम में मनपा आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर ने घनकचरा प्रबंधन विभाग के २० नए कचरा ट्रकों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मनपा आयुक्त



अनिकेत मानोरकर, डॉ संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (मुख्यालय) मारुति गायकवाड, उपायुक्त (जनसंपर्क) संजय शिंदे, उपायुक्त (घनकचरा प्रबंधन) रवि पवार, शहर अभियंता दीपक खांबित, नगर सचिव वासुदेव शिरवलकर, मनपा के विभाग प्रमुख, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहर में पारिवारिक मामलों में हुए वृद्धि, सोशल मिडिया के द्वारा हो रहा है शक

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के डिजिटल युग ने पारिवारिक दूरियां, पति-पत्नी में विवाद जैसे मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है. सिर्फ मीरा-भायंदर शहर में ही पुलिस के भरोसा सेल (महिला मदद कक्ष) में जनवरी से जुलाई २०२३ के इन ७ माह में ही ऐसे शिकायतों के ७३० मामले आए हैं. पहले मोबाइल और सोशल मीडिया नहीं होने से पति-पत्नी या प्रेमी-प्रेमिकाओं में शक के आधार पर होने वाले वाद-विवाद बहुत ही कम देखे जाते थे, लेकिन जब से मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का युग आया है, तब से व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, मैसेज, कॉल आदि के माध्यम से होने वाले चैटिंग या बातचीत की वजह से पति-पत्नी अथवा प्रेमिकाओं में शक का निर्माण होने के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है. उसमें भी कई बार गलत शक के चलते संबंध विच्छेद होने की नौबत आ जाती है. इतना ही नहीं तो कई बार इस वजह से गंभीर आपराधिक घटनाएं भी घटित हुई है. पारिवारिक तथा घरेलू वाद-विवाद को सुलझाने व मिटाने के लिए पुलिस ने भरोसा सेल का गठन किया है. भरोसा सेल में कार्यरत पुलिस अधिकारियों का कहना है कि व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम फेसबुक मैसेज या कॉलिंग के माध्यम से अन्य स्त्री-पुरुषों के साथ होने वाली चैटिंग बातचीत संदेहास्पद लगने पर जोडीदार के मन में संदेह निर्माण होना स्वाभाविक है. एक बार संदेह मन में बैठ जाने पर उनके सुखी पारिवारिक जीवन पर विपरीत परिणाम होता है. पति-पत्नी के बीच निर्माण होने वाले संदेह और उनसे उत्पन्न होने वाले विवाद में ९०% मोबाइल और सोशल मीडिया जिम्मेदार हैं. जनवरी से जुलाई २०२३ दिन ७ महीने में पारिवारिक विवाद के ७३० प्रकरण में से भरोसा सेल ने ३५३ परिवार टूटने से बचा लिए और उनके बीच के वाद-विवाद को सुलझाकर उनका पारिवारिक जीवन फिर से आनंद में बनाने में सफलता पाई, वहीं १११ प्रकरण में पुलिस को अपराधिक मामले दर्ज करने पडे.










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI